

| सत्र 2025 -2026 के लिए पाठयक्रम | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **कक्षा - I** | | | | |
| **विषय - हिंदी** | | | | |
| **पाठ संख्या** | **पाठ का नाम** | **अपेक्षित दक्षताएँ** | **सीखने के अपेक्षित प्रतिफल / उदेश्य** | **सुझावित गतिविधियाँ** |
| **सत्र 1** | | | | |
| 1 | मीना का परिवार | • L1 ध्वनि जागरूकता विकसित करते हैं और **स्वनिमों/ शब्दांशों को मिलाकर शब्द बनाते हैं और शब्दों को स्वनिमों**/ शब्दांशों में विभाजित करते हैं। | • शब्दांशों को उनके व्यंजन और स्वर ध्वनियों में तोड़ते हैं।<br>• परिचित शब्द निर्माण के लिए ध्वनियों (स्वर और व्यंजन) को जोड़ते हैं। | **अनुभवात्मक अधिगम** - अपने परिवार के सदस्यों के नाम बताएँ ।<br>• आपके परिवार में कितने लोग रहते हैं<br>• सभी सदस्य घर में क्या काम करते हैं बताएँ ।<br>**रचनात्मक गतिविधि** - दो अक्षरों वाले शब्दों को कुछ पर्चियों पर लिखकर पर्ची को दो हिस्सों में अलग करते हुए शब्दों को तोड़ने के लिए कहें। जैसे- भाई – भा ई<br>    |
| 2 | दादा दादी | • लिपि L1 की वर्णमाला के सभी अक्षरों को पहचानते हैं और इस ज्ञान का इस्तेमाल शब्दों को पढ़ने लिखने के लिए करते हैं। | • ज़्यादा इस्तेमाल किए जाने वाले अक्षरों (संयुक्ताक्षरों सहित) को पहचानते हैं और संबंधित ध्वनियों से उन्हें जोड़ते हैं। | • **रचनात्मक गतिविधि** - शिक्षक पर्चियों पर वर्णमाला के अक्षर लिखकर एक पर्ची पिटारा बनावाएँगे बच्चा किसी एक पर्ची को चुनकर दिए गए अक्षर से सार्थक-निरर्थक शब्दों का निर्माण करें तथा कक्षा में प्रदर्शित करें। जैसे - लाला, टाटा, बाबा, काका आदि |
| 3 | रीना का दिन | • छोटी कहानियाँ पढ़ते हैं और पात्रों, कथानक और लेखक क्या कहना चाहता है, इसकी पहचान करके, खुद से ही उनका अर्थ समझते हैं।(L1)<br>• विविध प्रकार की बच्चों की किताबें चुनने और पढ़ने मे रुचि दिखाते हैं।(L1) | • मान पाठ्य और दृश्य सामग्री वाली पुस्तकों का स्वतंत्र पठन शुरू करते हैं।<br>• कथानक और पात्रों की पहचान करते हैं।<br>• पुस्तक चुनने मे अपनी पसन्द स्पष्ट करते हैं, नियमित आवृत्ति पर छोटी पुस्तके पढ़ते हैं। | **कला एकीकृत अधिगम -**<br>• चिकनी मिट्टी (clay) से घर में मिलने वाली वस्तुएँ बनवाएँ जैसे - बर्तन, कपड़े, बेड आदि।<br>**रचनात्मक गतिविधि** - कक्षा लाइब्रेरी में से अपनी पसंद की किताब चुनकर उससे संबंधित कुछ वाक्य/शब्द बोलेंगे। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 4 | रानी भी | • धाराप्रवाह और सार्थक बातचीत कर सकते हैं।<br>• | • बातचीत में शामिल होते हैं, बोलने के लिए अपनी बारी का इंतजार करते है और दूसरों को बोलने देते हैं।<br>• कक्षा में पढ़कर सुनायी गई या जिस पर चर्चा हो, ऐसी गैर-काथात्मक सामग्री के साथ जुड़ते हैं, ज्ञान को अपने खुद के अनुभवों से जोड़ने में सक्षम है और इसके बारे में बात करते है। | **अनुभवात्मक अधिगम -**<br>• कहानी में आए चित्रों को दिखाकर उन पर एक दो वाक्य बुलवाएँ ।<br>**क्रियात्मक गतिविधि** - बच्चों को एक गोले में बिठायें तथा उन्हें उनके साथ बैठे अगले बच्चे के बारे में कुछ विशेषताएँ बताने के लिए कहें। |
| 5 | मिठाई | • कहानियाँ और गद्यांशों को (L1) में सटीकता और प्रवाह के साथ उचित विरामों और आवाज में उतार-चढ़ाव के साथ पढ़ते हैं। | • उपयुक्त लय और विराम के साथ छोटे गद्यांशों को सटीक तरीके से पढ़ते हैं। | **रचनात्मक गतिविधि** - पृष्ठ संख्या - 26, 27 पर दिए गए चित्रों की सहायता से समूह में कहानी बनाकर कक्षा के साथ साझा करें। |
| 6 | तीन साथी | • L1 में ध्वनि जागरूकता विकसित करते हैं और स्वनिमों/ शब्दांशों को मिलाकर शब्द बनाते हैं और शब्दों को स्वनिमों/ शब्दांशों में विभाजित करते हैं। | • परिचित शब्द निर्माण के लिए ध्वनियों (स्वर और व्यंजन) को जोड़ते हैं। | **अनुभवात्मक अधिगम -**<br>• पाठ में से 'इ/ई' की मात्रा वाले शब्दों पर गोला लगाएँगे।<br>• कुछ पर्चियों पर शब्दांश लिखकर उन्हें बच्चों को बाँटे जैसे- का, ला, मा, र, दा, दी आदि। बच्चे एक-दूसरे की पर्चियों को मिलाते हुए सार्थक शब्दों का निर्माण करेंगे तथा बने हुए शब्दों को "शब्दों का कोना" में प्रदर्शित करेंगे। जैसे- दादी, माला, कार आदि। |
| 7 | वाह, मेरे घोड़े! | • सरल गीतों, तुकबंदियों और कविताओं को सुनते सराहते हैं। | • बड़े (4- 8) वाक्य के अपरिचित गीत व कविताएँ ध्यान से सुनते है और उनके बारे में बातचीत करते है, सवाल पूछते हैं। | **क्रियात्मक गतिविधि -**<br>• निपुण पिटारा के हिंदी अक्षरों के प्रयोग करके '__ाल' के आगे विभिन्न अक्षर लगाकर तुकांत शब्द का निर्माण करेंगे। जैसे - बाल, दाल, साल आदि।<br>• शिक्षक इसी प्रकार से अन्य तुकांत शब्द भी बनवा सकते हैं। |
| 8 | खतरे में साँप | • सुनाई गई, बोल कर, पढ़ी गई कहानियों को समझते हैं, पात्रों, कथानक और लेखक क्या कहना चाहता है को पहचानते हैं। | • कहानी में कथानक और पात्रों की पहचान करते है और कहानी की शब्दावली का उपयोग करके सही क्रम में फिर से कहानी बताते हैं। | **रचनात्मक गतिविधि -**<br>• कक्षा को समूह में बाँट कर कहानी को आगे बढ़ाने को कहें। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 9 | आलू की सड़क | • प्रभावी ढंग से रोजमर्रा की बातचीत करने के लिए पर्याप्त शब्द जानते हैं, उनका इस्तेमाल करते हैं और मौजूदा शब्दावली का इस्तेमाल करके नए शब्दों के अर्थ का अनुमान लगा पाते हैं। | • चित्र और संदर्भ संकेतों का इस्तेमाल करते हुए अनजान शब्दों के अर्थ का अनुमान लगाते हैं। | **क्रियात्मक गतिविधि -**<br>• निपुण पिटारे के हिन्दी अक्षरों की मदद से तीन अक्षर के शब्द बनवाएँ।<br>**अनुभवात्मक अधिगम -**<br>• अपने मनपसंद खाने की वस्तुओं के नाम बताइए। |
| 10 | झूलम-झूली | • सरल गीतों, तुकबंदियों और कविताओं को सुनते सराहते हैं। | • बड़े (4- 8) वाक्य के अपरिचित गीत व कविताएँ ध्यान से सुनते है और उनके बारे में बातचीत करते है, सवाल पूछते हैं। | **क्रियात्मक गतिविधि -**<br>• बोर्ड पर 'उ' और 'ऊ' की मात्रा के शब्द लिखे लेकिन उन पर मात्र न लगाएँ । निपुण पिटारे में से मात्रा 'उ' और 'ऊ' के कटआउट बच्चे को दें। बच्चे उस मात्रा को शब्द पर सही स्थान पर लगाकर शब्द बोलेंगे। |

**नोट- उपर्युक्त पाठ्यक्रम पुनरावृत्ति के साथ मध्यावधि परीक्षा से पूर्व पूर्ण हो जाना चाहिए ।**

| सत्र – 2 | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **पाठ संख्या** | **पाठ का नाम** | **अपेक्षित दक्षताएँ** | **सीखने के अपेक्षित प्रतिफल / उद्देश्य** | **सुझावित गतिविधियाँ** |
| 11 | भुट्टे | • छोटी कहानियाँ पढ़ते हैं और पात्रों, कथानक और लेखक क्या कहना चाहता है, इसकी पहचान करके, खुद से ही उनका अर्थ समझते हैं।(L1) | • समान पाठ्य और दृश्य सामग्री वाली पुस्तकों का स्वतंत्र पठन शुरू करते है। | • **रचनात्मक गतिविधि** - पृष्ठ संख्या 64 65 पर दिए गए चित्र को बच्चे अपने शब्दों में बताएँगे।<br>• **अनुभवात्मक अधिगम** - बच्चे अपनी गाँव या किसी अन्य यात्रा का वर्णन कक्षा के साथ साझा करेंगे।<br>• कक्षा लाइब्रेरी से अपनी मनपसंद किताब चुनकर स्वतंत्र पठन करेंगे। |
| 12 | फूली रोटी | • स्पष्ट कथानक और पात्रों के साथ छोटी कहानियाँ सुनते हैं।<br>• किसी जटिल कार्य के लिए दिए गए मौखिक निर्देशों को समझते हैं और दूसरों को उसी कार्य के लिए स्पष्ट मौखिक निर्देश देते हैं। | • सरल कथानक और पात्रों के साथ ख़ुद की छोटी कहानियाँ सुनाते हैं।<br>• कई चरणों वाले निर्देशों का पालन करते है जिनमें एक बार में 8 से 9 निर्देश हों। | • **खेल अधिगम -** पृष्ठ 75 पर दिए Tongue Twisters को बच्चों से तीन बार जल्दी-जल्दी बुलवाएँ । शिक्षक कुछ और उदाहरण भी दे सकते हैं जैसे - पीतल का पतीला पीला-पीला।<br>• खेल पिटारे की कठपुतलियों (puppet) से बच्चों से समूह में कहानी बनवाएँ। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 13 | मेला | • धाराप्रवाह और सार्थक बातचीत कर सकते हैं। | • कक्षा में पढ़कर सुनायी गई या जिस पर चर्चा हो, ऐसी गैर-काथात्मक सामग्री के साथ जुड़ते हैं, ज्ञान को अपने खुद के अनुभवों से जोड़ने में सक्षम है और इसके बारे में बात करते हैं। | • **सृजनात्मक गतिविधि** - पृष्ठ 78 79 पर दिए गए मेले के दृश्य के बारे में बच्चे अपने शब्दों में बताएँगे ।<br>• अपने मेले के अनुभव को कक्षा के साथ साझा करेंगे।<br>• **कला एकीकृत अधिगम** - समूह में विभिन्न आकृतियों से तोरण बनवाएँ। |
| 14 | बरखा और मेघा | • सुनाई गई, बोल कर, पढ़ी गई कहानियों को समझते हैं, पात्रों, कथानक और लेखक क्या कहना चाहता है को पहचानते हैं। | • कहानी में पात्रों व कथानक के आशय की व्याख्या करते है और कहानी को अलग रूप में फिर से कहते हैं। | • **अभिनय से अधिगम** - बत्तख और मुर्गी का मास्क बनवाकर पाठ का रोल प्ले करवाएँ । |
| 15 | होली | • खुद सरल गीत और कविताएँ बनाते हैं। | • परिचित कविताओं से तुकांत वाले शब्दों की पहचान करते है और नए तुकांत वाले शब्द बनाते हैं। | • **कला एकीकृत अधिगम** - शिक्षक के निर्देशन में होली का चित्र बनवाएँ।<br>• नीचे दिए गए शब्दों का पिटारा बोर्ड पर बनाकर तुकांत शब्द का पिटारा बनवाएँ।<br> |
| 16 | जन्मदिवस पर पेड़ लगाओ | • खुद सरल गीत और कविताएँ बनाते हैं। | • शिक्षक की मदद से छोटी कविताओं तुकबंदी का विस्तार/निर्माण करते हैं। | • **क्रियात्मक गतिविधि** - बच्चों को पेड़ लगाने की विधि के बारे में बताएँ ।<br>• विद्यालय के मैदान में एक पौधा या बीज लगाएँ ।<br>• अपने जन्मदिवस पर पौधा लगाने के लिए बच्चों को प्रेरित करें।<br>• छोटी कविताओं के कुछ तुकांत शब्दों को हटाकर बच्चों को सुनाएँ । बच्चों को उन्हें अपनी समझ से पूरा करने/ आगे बढ़ाने के लिए कहें।<br>जैसे-<br>धम धम धम धम चलता हाथी,<br>भारी भरकम _______<br>सूंड़ उठाता ________<br>सबके मन को भाता हाथी। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 17 | हवा | • धाराप्रवाह और सार्थक बातचीत कर सकते हैं। | • कक्षा में पढ़कर सुनायी गई या जिस पर चर्चा हो, ऐसी गैर-कथात्मक सामग्री के साथ , ज्ञान को अपने खुद के अनुभवों से जोड़ने में सक्षम है और इसके बारे में बात करते हैं। | • **क्रियात्मक गतिविधि** - शिक्षक कक्षा में मौजूद वस्तुओं के नाम बोलेंगे। बच्चे हाथ से इशारे करके दाएँ- बाएँ शब्दों का प्रयोग करके उनकी स्थिति बताएँगे। |
| 18 | कितनी प्यारी है ये दुनिया | • कहानियाँ और गद्यांशों को (L1) में सटीकता और प्रवाह के साथ उचित विरामों और आवाज में उतार-चढ़ाव के साथ पढ़ते हैं। | • उपयुक्त लय और विराम के साथ छोटे गद्यांशों को सटीक तरीके से पढ़ते हैं। | • छोटे गद्यांशों को उचित लय और विराम के साथ शिक्षक अपने निर्देशन में पढ़वाएँ । |
| 19 | चाँद का बच्चा | • किताब का बुनियादी ढाँचा/प्रारूप छपे हुए शब्द और उनकी छपाई की दिशा के आईडिया को समझते हैं, और मूलभूत विराम चिन्हों को पहचानते हैं। | • सामान्य विराम चिन्ह ( पूर्ण विराम, प्रश्न चिन्ह) को पहचानते हैं। | • **क्रियात्मक गतिविधि** - पूर्ण विराम और प्रश्न चिन्ह से बच्चों को अवगत कराएँ।<br>• शिक्षक बच्चों को कुछ वाक्य बोलेंगे यदि उनमें पूर्ण विराम आए तो बच्चे हाथ ऊपर करेंगे और प्रश्न चिन्ह आए तो अंगूठा दिखाएँगे। |

**नोट- उपर्युक्त पाठ्यक्रम पुनरावृत्ति के साथ वार्षिक परीक्षा से पूर्व पूर्ण हो जाना चाहिए ।**